>

Title: Need to expedite double laning of National Highway No. 28 passing through Pipra-Kothi and Raxaul and repair of N.H. 28B from Chapwa to Betia.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): राष्ट्र उच्च पथ संख्या 28 पीपरा कोठी से रक्सौल तक के दोहरीकरण का कार्य वर्षों से अभी तक पूरा नहीं हो पाया है जिससे आम जनता के साथ साथ नेपाल जाने वाले विदेशी पर्यटकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह पथ अभी तक मोटरेबल नहीं हो सकता है।

राष्ट्रीय उच्च पथ सं0 28 बी जो छपवा से बेतिया तक जर्जर हो चुकी है तथा यह सड़क गड्ढ़ों से भरी पड़ी है। इस पथ में अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है। जनहित में इस पथ के कार्य शीघ्र शुरू हों।